No. I-34020/03/2026-Coord.I
Government of India
Ministry of Home Affairs
***

**Major Achievements, significant Development and important events of Ministry of Home Affairs during the month of March, 2026.**

1. The Hon'ble President of India assented to the Himachal Pradesh Ceiling on Land Holdings (Amendment) Bill, 2024 on 12.03.2026.

2. On 25.03.2026, the Union Cabinet approved the continuation of the Immigration, Visa, Foreigners Registration & Tracking (IVFRT) Scheme beyond 31st March, 2026 for a period of five year from 1st April, 2026 to 31st March, 2031 with budget outlay of ₹1800 crore.

3. On 13.03.2026, a High-Level Committee (HLC), under the Chairmanship of Hon'ble Union Home Minister, approved Rs. 1,912.99 crore of additional Central assistance from National Disaster Response Fund (NDRF) to a number of states affected by flood, flash flood, cloudburst, cyclone 'Montha' landslides during year 2025.

4. Hon'ble Union Home Minister soft-launched four digital tools and formally unveiled the mascots – "Pragati" (female) and "Vikas" (male) for Census-2027 in New Delhi.

5. A meeting regarding activities of insurgent groups in Nagaland and of Indian Insurgent Groups (IIGs) in Myanmar was held on 28.03.2026 under the chairmanship of Union Home Minister.

6. A meeting under the chairmanship of the Hon'ble Union Home Minister was held on 31st March 2026 to review NCRB's Annual Statistical Reports, namely Crime in India-2024, Accidental Deaths & Suicides in India-2024, and Prison Statistics-2024.

7. Union Home Secretary chaired the following meetings in the month of March, 2026:

   (i) On 09.03.2026, a meeting with the Registrars General of the High Courts of Andhra Pradesh, Madhya Pradesh, Punjab & Haryana, Allahabad,

Calcutta, and Madras, along with Central Project Coordinators, Additional Secretaries (Home), Secretaries (Law), and Directors General of Police of the concerned States/UTs, to discuss the pending notification of Draft Model Rules.

(ii) On 19.03.2026, meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) to consider the financial assistance for Tamil Nadu, Himachal Pradesh, Uttrakhand, Punjab, Telangana and Tripura.

(iii) On 23.03.2026, meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) to consider the report of IMCT on damage caused by Flash Flood/Flood, Landslides and Cyclone storm 'Montha' of 2025 in Karnataka, Telangana and Sikkim.

(iv) On 23.03.2026, a meeting with the Chief Secretary and other senior officer of Jharkhand Government to review the implementation of Naveen Nyaya Sanhitas in the State.

(v) On 23.03.2026, a meeting to review security of the tourist spot both open and closed, etc. in Jammu and Kashmir.

(vi) On 24.03.2026, a meeting of Standing Finance Committee (SFC) for appraisal of the proposal of the Govt. of Manipur regarding creation of community assets in resettled villages/ habitations of IDPs in Manipur.

(vii) On 30.03.2026, meeting for Review of Model Home Guard Bill.

8. The Left Wing Extremism affected district covered under Security Related Expenditure (SRE) scheme have been reviewed. As on date, there are no LWE affected district in the country and hence SRE districts will have two categories only i.e. (i) District of Concern-01 No. and (ii) Legacy & Thrust (L&T) Districts - 37 Nos.

9. Exhibitions on Nyaya Sanhitas were held in Odisha and Uttarakhand on 6$^{th}$ and 7$^{th}$ March 2026, respectively.

10. A special meeting of SRE Standing Committee was held on 05.03.2026 under the chairmanship of Special Secretary (Internal Security) to consider the claims of the Govt. of Manipur.

11. Keeping in view the ongoing conflict in the Gulf region which resulted in disruption of international travel, Ministry of Home affairs on 06.03.2026, has decided to extend the Visa / e-Visa for 30 days on gratis basis and to waive of overstay penalty for foreigners stuck in India.

12. For strengthening India's internal security framework, Rashtriya Raksha University (RRU) and the Sashastra Seema Bal (SSB) Academy, along with its training establishments, signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 21.03.2026 to affiliate and accredit specialized security courses.

13. On 30.03.2026, Ministry of Home Affairs issued revised modalities for the issuance of Regular Tourist Visa to the nationals of People's Republic of China, China-SAR Hongkong and China-SAR Macau, whereby, requisite amendment, in visa conditions for Buddhist pilgrims & family members of Chinese diplomats, has been carried out.

14. It has been decided to designate Alang, Bedi Bandar, Bhavnagar, Porbandar, Hazira, Pipavav, Mandvi, Cuddalore, Nagapattinam, Tuticorn, Kakinada, Krishnapatnam, Paradip and Dhamra Seaport Immigration Posts as an authorised IPs for entry of persons holding e-Visa.

15. E-visa facilities have been operational at the several seaports from 19.03.2026, i.e., Alang (Gujarat), Bedi Bandar (Gujarat), Bhavnagar (Gujarat), Porbandar (Gujarat), Hazira (Gujarat), Pipavav (Gujarat), Mandvi (Gujarat), Cuddalore (Tamil Nadu), Nagapattinam (Tamil Nadu), Tuticorin (Tamil Nadu), Kakinada (Andhra Pradesh), Krishnapatnam (Andhra Pradesh), Paradip (Odisha), and Dhamra (Odisha).

16. 16$^{th}$ Meeting of Monitoring Committee was held under the chairmanship of Joint Secretary (NE) on 15.03.2026 in New Delhi to discuss the issues/ grievances relating to racial discrimination faced by people of North East India.

17. The Service Rules for DANICS & DANIPS are duly amended with the approval of Competent Authority and notified in the Gazette of India on 23.03.2026.

18. Ministry of Home Affairs conveyed its "No objection" for an extension of the JICA Grant Agreement up to December 31, 2030.

19. 17.50 crore was approved for the Union Territory of the Andaman and Nicobar Islands under Grant No. 49 of the MHA in the Revenue (Voted) section for pre-investment activity of GNI project for the financial year 2025-26.

20. During the month of March, 2026, “Parakram Padak” was awarded to the 07 police personnel’s of states/UTs and CAPF’s/ CPOs.

21. The President of India’s Police colour has been conveyed to the State Government of Uttarakhand, Bihar, Goa, Meghalaya and Odisha on 30.03.2026.

सं. I-34020/03/2026-समन्वय ।
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
***

**मार्च, 2026 के दौरान गृह मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और महत्वपूर्ण आयोजन।**

1. दिनांक 12.03.2026 को भारत के माननीया राष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश भूमि जोत सीमा (संशोधन) विधेयक, 2024 को सहमति दी।

2 . दिनांक 25.03.2026 को, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आप्रवासन, वीजा, विदेशियों का पंजीकरण और ट्रैकिंग (आईवीएफआरटी) योजना को 31 मार्च, 2026 के बाद 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए 1800 करोड़ रु. के बजट परिव्यय के साथ जारी रखने को अनुमोदन प्रदान किया।

3 दिनांक 13.03.2026 को, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2025 के दौरान बाढ़, अचानक आई बाढ़, बादल फटने, चक्रवात 'मोन्था', भू-स्खलन से प्रभावित कई राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से 1,912.99 करोड़ रु. की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को अनुमोदन प्रदान किया।

4 माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में जनगणना-2027 के लिए चार डिजिटल उपकरणों का सॉफ्ट-लोकार्पण किया और औपचारिक रूप से शुभंकरों - "प्रगति" (महिला) और "विकास" (पुरुष) का अनावरण किया।

5. नागालैंड में विद्रोही समूहों और म्यांमार में भारतीय विद्रोही समूहों (आईआईजी) की गतिविधियों के संबंध में दिनांक 28.03.2026 को केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

6. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 31.03.2026 को, एनसीआरबी की वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्टों, अर्थात- भारत में अपराध-2024, भारत में आकस्मिक मौतें और आत्महत्याएं-2024, और प्रिजन स्टैटिस्टिक्स-2024 की समीक्षा करने हेतु बैठक आयोजित की गई।

7. मार्च, 2026 में केंद्रीय गृह सचिव ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

(i) दिनांक 09.03.2026 को आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, इलाहाबाद, कलकत्ता और मद्रास के उच्च न्यायालयों के महापंजीयक के साथ-साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के केंद्रीय परियोजना समन्वयकों, अपर सचिवों (गृह), सचिवों (विधि) और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की, जिसमें 'मसौदा मडोएल नियमों' (Draft Model Rules) की लंबित अधिसूचना पर चर्चा की।

(ii) दिनांक 19.03.2026 को तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, तेलंगाना और त्रिपुरा के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एससी-एनईसी) की उप-समिति की बैठक की।

(iii) दिनांक 23.03.2026 को, कर्नाटक, तेलंगाना और सिक्किम में वर्ष 2025 में आकस्मिक बाढ़/बाढ़, भू-स्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से हुए नुकसान संबंधी आईएमसीटी की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एससी-एनईसी) की उप-समिति की बैठक की।

(iv) दिनांक 23.03.2026 को, राज्य में 'न्याय संहिताओं' के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए झारखंड के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

(v) दिनांक 23.03.2026 को, जम्मू और कश्मीर में खुले और बंद दोनों प्रकार के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा की समीक्षा के लिए बैठक की।

(vi) दिनांक 24.03.2026 को, मणिपुर में IDPs (आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों) के पुनर्वासित गांवों/बस्तियों में सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण के संबंध में मणिपुर सरकार के प्रस्ताव के मूल्यांकन के लिए स्थायी वित्त समिति (SFC) की बैठक की।

(vii) दिनांक 30.03.2026 को, मॉडेल होम गार्ड विधेयक की समीक्षा के लिए बैठक की।

8. सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के अंतर्गत आने वाले वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की समीक्षा की गई है। वर्तमान में, देश में कोई भी वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिला नहीं है । इसलिए SRE जिलों को अब केवल दो व्यापक श्रेणियों में रखा गया है , अर्थात (i) District of Concern-01 No. and (ii) Legacy & Thrust (L&T) Districts - 37 Nos.

9. ओडिशा और उत्तराखंड में न्याय संहिता पर क्रमशः 6 और 7 मार्च 2026 को प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।

10. विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) की अध्यक्षता में, मणिपुर सरकार के दावों पर विचार करने के लिए एसआरई स्थायी समिति की एक विशेष बैठक का आयोजन दिनांक 05.03.2026 को किया गया।

11. खाड़ी क्षेत्र(gulf region) में जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्रा में व्यवधान को ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय ने दिनांक 06.03.2026 को भारत में फंसे विदेशियों के लिए, वीजा/ई-वीजा की अवधि 30 दिनों के लिए को निःशुल्क आधार पर बढ़ाने और निर्धारित समय से अधीत समय तक रहने पर लगने वाले जुर्माने (overstay penalty) को माफ करने का निर्णय लिया है।

12. दिनांक 21.03.2026 को भारत की आंतरिक सुरक्षा अवसंरचना को बल प्रदान करने के लिए, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) अकादमी ने अपने प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों के साथ, विशेष सुरक्षा पाठ्यक्रमों को संबद्ध और मान्यता देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

13. दिनांक 30.03.2026 को, गृह मंत्रालय ने पीपल्स रीपब्लिक ऑफ चाइना के नागरिकों को नियमित पर्यटक वीजा जारी करने के लिए संशोधित प्रक्रिया जारी की है, जिसमें चीनी नागरिकों (बौद्ध तीर्थयात्री और चीनी राजनयिकों के परिवार के सदस्यों) के लिए वीजा सेवाओं/नियमों में संशोधन किया गया।

14. ई-वीजा रखने वाले व्यक्तियों के प्रवेश हेतु अलंग, बेदी बंदर, भावनगर, पोरबंदर, हजीरा, पीपावाव, मांडवी, कुड्डालोर, नागापट्टनम, तूतीकोरिन, काकीनाडा, कृष्णापट्टनम, पारादीप और धामरा बंदरगाह आप्रवासन चौकी को अधिकृत आईपी (IP) के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया।

15. अलंग (गुजरात), बेदी बंदर (गुजरात), भावनगर (गुजरात), पोरबंदर (गुजरात), हजीरा (गुजरात), पीपावाव (गुजरात), मांडवी (गुजरात), कुड्डालोर (तमिलनाडु), नागापट्टनम (तमिलनाडु), तूतीकोरिन (तमिलनाडु), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), कृष्णापट्टनम (आंध्र प्रदेश), पारादीप (ओडिशा), और धामरा (ओडिशा) बंदरगाहों में दिनांक 19.03.2026 से ई-वीज़ा सुविधा लागू की गई ।

16. दिनांक 15.03.2026 को संयुक्त सचिव (एनई) की अध्यक्षता में अनुवीक्षण समिति की 16वीं बैठक का आयोजन नई दिल्ली में हुआ, जिसमें उत्तर-पूर्वी भारत के लोगों के नस्लीय भेदभाव से संबंधित ऐसे विषयों पर चर्चा की गई।

17. सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से DANICS और DANIPS के लिए सेवा नियमों में विधिवत संशोधन किया गया और दिनांक 23.03.2026 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया।

18. गृह मंत्रालय ने दिसंबर 31, 2030 तक JICA Grant समझौते के विस्तार के लिए अपनी "अनापत्ति" प्रदान दी।

19. वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीएनआई(GNI) परियोजना की पूर्व-निवेश कार्यों के लिए राजस्व (दत्तमत) खंड में गृह मंत्रालय की अनुदान सं. 49 के अंतर्गत अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह संघ राज्य क्षेत्र के लिए 17.50 करोड़ रु. अनुमोदित का अनुमोदन दिया गया।

20. मार्च माह के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और सीएपीएफ/सीपीओ के 07 पुलिस कर्मियों को पराक्रम पदक प्रदान किया गया।

21. भारत के राष्ट्रपति के पुलिस सम्मान निशान की सूचना दिनांक 30.03.2026 को उत्तराखंड, बिहार, गोवा, मेघालय और ओडिशा की राज्य सरकार को दी गई।